लोक सभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने मंगलयान की सफलता पर बधाई दी

नई दिल्ली 24 सितम्बर, 2014: लोक सभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने मंगलयान की सफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं इस अभियान से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी व्यक्तियों, समस्त देशवासियों एवं भारतीयों को इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह समस्त देश के लिए एक अभूतपूर्व गौरव का क्षण है। भारत मंगल ग्रह तक पहुँचने वाला दुनिया का सिर्फ चौथा और एशिया का पहला देश है। लेकिन यह उपलब्धि इस मायने में अभूतपूर्व है कि केवल भारत ने ही अपने प्रथम प्रयास में मंगल ग्रह पर पहुँचने में सफलता अर्जित की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष विज्ञान के विकास और शोध में महत्वपूर्ण होगी और देश के वैज्ञानिकों को आगे और अधिक उपलब्धियों के लिए प्रेरित और समस्त देशवासियों में नए जोश और आत्मविश्वास का संचार करेगी।